>

Title: Need to implement the Kasturba Gandhi Balika Vidyalaya Scheme in district Parbhani, Gujarat through Non-Government Organisations - Laid.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी) : महोदय, देश में अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों की बालिकाओं को शिक्षा दिये जाने हेतु उनको होस्टल व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय नामक योजना की शुरूआत की गई है। परन्तु मेरे संसदीय क्षेतू परभनी जिले में आज तक राज्य सरकार ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं देने से न केवल मेरे संसदीय क्षेतू बल्कि पूरे महाराष्ट्र के अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों की बालिकाओं को इस योजना से वंचित होना पड़ रहा है। राज्य सरकार के पास इस योजना को चलाने के लिए समुचित ढांचा नहीं है और जिला परिषद काम की अधिकता एवं स्टाफ की कमी से इस योजना को सफलतापूर्वक नहीं चला पायेगी। अतः इस योजना को गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से चलाया जाये।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस योजना को महाराÂष्ट्र में गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से चलाया जाये।